






# बिलहरा सीएमओ को निलंबित किया

## जैसीनगर जनसुनवाई में बगैर सूचना के रहे अनुपस्थित, कारण बताओ नोटिस का जबाव नहीं दिया

नवभारत न्यूज

**सागर 11 फरवरी. कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस जैसीनगर में आयोजित जनसुनवाई में बगैर पूर्व सूचना एवं बगैर अनुमति के अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिलहरा केबीएस बघेल को निलंबित कर दिया.**

कलेक्टर कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार श्री बघेल बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहे, जबकि इस संबंध में सीएमओ को पूर्व में सूचना दी गई थी, जिससे शिकायतों की उचित समीक्षा नहीं की जा सकी जिसके लिये सीएमओ श्री बघेल को पूर्व में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था. उक्त संबंध में सीएमओ बघेल द्वारा जनसुनवाई से अनुपस्थित होने के संबंध में कोई भी कारण स्पष्ट नहीं किया और न ही स्वयं समक्ष में उपस्थित हुए. उपरोक्त के दृष्टिगत सीएमओ श्री बघेल को म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961,मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उपबंधों के उल्लंघन करना पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया.

विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आमजन से आवेदन प्राप्त किए एवं मौके पर ही आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. ज्ञातव्य हो कि शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु कलेक्टर श्री संदीप जी आर द्वारा जिले में विकासखंडवार जनसुनवाई आयोजित की जा रही है जिसमें कलेक्टर स्वयं आमजन के समक्ष पहुंचकर उनसे उनकी समस्याओं एवं सेवाओं के लाभ प्राप्त करने संबंधी आवेदन ले रहे हैं. इस प्रकार की जनसुनवाई से जिले वासियों को बड़ी राहत मिल रही है उन्हें अब अपने किसी भी प्रकारण के निराकरण हेतु शासकीय कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहें, आमजन का समय और पैसे की भी बचत हो रही है. कलेक्टर संदीप जी.आर ने प्रशासनिक अमले के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसीनगर का विस्तृत निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से जायजा लिया. कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक हर समय उपलब्ध रहना चाहिए. उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सभी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित रहें और अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएं. उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों की सेवा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक सामग्री के अलावा जो अतिरिक्त सामग्री है उसे दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में भेजें.

### धर्मश्री में बुर्जुग की हत्या

**सागर.** मोतीनगर थाना अंतर्गत धर्मश्री स्थित दो यादव परिवारों के बीच जमीन विवाद सहित अन्य वाद विवाद को लेकर एक बुर्जुग की लाठी मारकर हत्या कर दी गई है. पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है. मोतीनगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल मंगलवार की रात्रि में धर्मश्री निवासी पुरुषोत्तम यादव उर्फ पप्पू जब घर पर अकेले थे उस समय यादव समाज के ही पड़ोसियों ने घर पर आकर लॉठी तसला, हाथ घूंसों से बुर्जुग पर हमला कर दिया. जिसमें गंभीर रुप से घायल बुर्जुग को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई. पुलिस के अनुसार दोनों परिवारों के बीच जमीन विवाद के अलावा कचरा और नाली के पानी को लेकर विवाद हुआ था.

# बाबिर मटिया बांध से मिलेगा पेयजल

## संभागायुक्त ने कर्रापुर नगर परिषद को जल आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की

नवभारत न्यूज

**सागर 11 फरवरी. नगर परिषद कर्रापुर को पेयजल योजना हेतु बाबिर मटिया बांध से 2.50 मि.घ.मी. वार्षिक जल आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है.**

संभागायुक्त अनिल सुचारी द्वारा प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में संपन्न जल आवंटन समिति की 87वीं बैठक के कार्यवाही विवरण में लिए गए निर्णयानुसार नगर परिषद कर्रापुर को पेयजल योजना हेतु बंडा परियोजना के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात बाबिर मटिया बांध में जल उपलब्धता के आधार पर 2.50 मि.घ.मी. वार्षिक जल आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की गई है. जिनमें बाबिर मटिया बांध से 2.50 मि.घ.मी. वार्षिक जल हेतु नगर परिषद कर्रापुर के प्राधिकृत अधिकारी को कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 के साथ अनुबंध करना होगा.

> आवंटित जल की मात्रा 2.50 मि.घ.मी. वार्षिक के लिए नगर पालिका परिषद कर्रापुर को शासन द्वारा समय-समय पर लागू की गई जल दर के अनुसार जलकर का नियमित भुगतान समय पर कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक-1, सागर को करना होगा. जल के उपयोग हेतु आवश्यक सिविल एवं यांत्रिकीय कार्यों का निर्माण नगर पालिका परिषद कर्रापुर अपने स्वयं के व्यय पर करेगा. ऐसे सिविल एवं यांत्रिकीय निर्माणों के रूपांकन एवं ड्राइंग का पूर्व अनुमोदन संबंधित मुख्य अभियंता से प्राप्त करना आवश्यक होगा. साथ ही जारी इंटेकवेल आदि के निर्माण संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा. जल आपूर्ति की अनुमति जिस उद्देश्य के लिए दी जा रही है, उसमें परिवर्तन नहीं किया जाएगा. नगर पालिका परिषद कर्रापुर द्वारा अन्य उद्देश्य के लिए जल का उपयोग किए/पाए जाने पर आवंटन/स्वीकृति निरस्त कर दी जाएगी. नगर पालिका परिषद कर्रापुर को उक्त जल स्रोत से लिए गए जल की माप हेतु स्वचालित उपकरण की स्थापना तथा अनुरक्षण, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक-1, सागर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर स्वयं के व्यय पर करना होगा। पेयजल योजना के लिए जल संसाधन विभाग किसी भी प्रकार का वित्तीय भार वहन नहीं करेगा.

## एक नजर में



### दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**सागर.** जनसंघ के संस्थापक, प्रेरणापुंज स्व. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



### दो परिवारों को मिली अंत्येष्ठा सहायता राशि

**रहली.** मुख्यमंत्री अंत्येष्टि सहायता योजना के अंतर्गत दो शोकाकुल परिवारों को सहायता राशि प्रदान की गई. वार्ड क्रमांक 3 की स्व. श्रीमती हीरा विश्वकर्मा के निधन पर उनके पुत्र राहुल विश्वकर्मा एवं वार्ड क्रमांक 1 निवासी स्व. कल्ला अहिरवार के निधन पर उनके पुत्र संतोष अहिरवार को 5000, 5000 की सहायता राशि नगद प्रदान की गई. नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी सहायता राशि प्रदान की.



### अवैध खनन और परिवहन कार्रवाई

**शाहगढ़.** खनिज विभाग द्वारा रेत और गिट्टी के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर जब्त किए गए. दोनों ट्रैक्टर थाना शाहगढ़ में खड़े कर दिए गए हैं और प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी.



### शराब बंदी से जूना ग्राम हुआ नशा मुक्त

**रहली.** ग्राम पंचायत जूना में पूर्ण शराब बंदी का सर्व सम्मत प्रस्ताव पारित कर नशा मुक्त गांव घोषित किया गया. गांव में सामूहिक पंचायत निर्णय के बाद पूरे गांव में जुलूस निकालकर मुनादी भी कराई गई. उक्त निर्णय के प्रस्ताव की कॉपी पुलिस थाना एवं प्रशासन को भी दी जाएगी. पंचायत में प्रस्ताव रखा गया कि गांव में कोई शराब नहीं पियेगा ना ही कोई बेचेगा और अगर कोई गलती करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी. सजा बतौर बेचने वाले को 25000 का जुर्माना और कानूनी कार्यवाही करवायेंगे. पीकर गांव में गाली गलौज करने वाले को 5000 का जुर्माना और सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा. सरपंच वीरेंद्र पटेल जी ने बताया कि गांव में समिति गठित कर दी गई है, हर माह की बैठक में में गलती करने वाले को दंडित किया जाएगा.

### दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सागर.** आयुष विभाग एवं सामाजिक न्यास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समग्र कल्याण एवं योग कार्यक्रम के अंतर्गत गतिज एवं मानसिक सुधार कार्यक्रम के तहत 12 एवं 13 फरवरी को दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, योग, आयुर्वेद एवं आहार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक आनंद वृद्धाश्रम तिली में आयोजित योगा कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिये विशेष रूप से स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेदिक परामर्श, होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श, योगाभ्यास एवं संतुलित आहार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जावेगा. मुख्य अतिथि डॉ. जोगेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला आयुष अधिकारी आयुष विभाग उपस्थित रहेगें. साथ ही डॉ. पारुल सारस्त, डॉ. रवि मिश्रा,भगत सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा.

# पुण्यतिथि पर किया स्मरण



नवभारत न्यूज

**बंडा 11 फरवरी. दीनदयाल उपाध्याय की हमेशा सोच रही है कि किसी भी गरीब की थाली कभी खाली न रहे.**

उक्त उद्गार विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में कही. संचालन देवकुमार यादव, आभार रुपेश रोशन खरे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने माना. इस अवसर पर जाहर सिंह, मंगल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज सिंह कुकरेले, उमेश जैन पटारी, नीतेश जैन भैयाराम भरतपुर मौजूद थे.

# उपाध्याय का जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत

नवभारत न्यूज

**बीना 11 फरवरी. भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा नगर मंडल द्वारा दीनदयाल पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**



इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला. जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा दिनेश राय ने संगठन कार्य में सेवा भाव को सर्वोपरि बताते हुए कार्यकर्ताओं को समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया. पूर्व विधायक धरमू राय ने कहा कि दीनदयाल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचारों को अपनाकर ही संगठन सशक्त बन सकता है. मुख्य कार्यक्रम के साथ नगर मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर भी दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई गई. कार्यक्रम में विजय हुरकट, ज्योति दुबे, मनोज शर्मा, नीतू राय, संतोष ठाकुर, रतन यादव, बलराम राय, संजीव बोथ, सोनाली राय, राजेंद्र दुबे, गोरी राय मौजूद थे.

### निर्वाण लाडू चढ़ेंगे

**रहली.** अतिशय क्षेत्र पटना गंज में मूलनायक देवादिदेव मुनिसुब्रतनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर 14 फरवरी शनिवार को भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाए जायेंगे. प्रात: 8 बजे से स्वर्ण रजत कलशों से अभिषेक, शांतिधारा, संगीतमय पूजन एवं निर्वाण लाडू समर्पित होगा. संयोजक सुरेंद्र जैन आजाद ने बताया कि प्रतिवर्ष मोक्ष कल्याणक पर भगवान मुनि सुब्रतनाथ जिनालय में यह आयोजन किया जाता है जिसमें श्रद्धालु भगवान की शांति धारा करने एवं निवर्ण लाडू चढ़ायेगें.

# जनचौपाल में मेयर ने सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज

**सागर 11 फरवरी. आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल के अंतर्गत राजीवनगर एवं रविशंकर वार्ड का 11वां शिविर महाकवि पद्माकर सभागार में संपन्न हुआ.**




शिविर में वार्डवासियों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ दर्ज कराई जिनमें से अनेक का निराकरण मौके पर ही किया गया तथा शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए. महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की मंशानुरूप शिविरों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, एम.आई.सी. सदस्य विनोद तिवारी, शैलेद्र ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, श्रीमती कंचन जड़िया, पार्षद प्रहलाद पटेल, सूरज घोषी, श्रीमती रुबी कृष्ण कुमार पटेल, रिशांक तिवारी आदि मौजूद थे.

### यूजीसी नेट में सफल छात्र

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं अन्य यूरोपीय भाषाएँ विभाग के नौ विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट दिसंबर चक्र में सफलता प्राप्त की है. सफल विद्यार्थियों में अंकिता जैन, आशीष कुमार, मानवी खरे, विधि जैन, सत्येंद्र तिवारी, आकांक्षा रैकवार, राज तिवारी, नीलाम्बुज इन्द्रगुरु और तुहिन सुब्रमंडी. इन विद्यार्थियों की उपलब्धि उनके सतत अध्ययन, विषय पर मजबूत पकड़ और अनुशासित तैयारी का परिणाम है. शिक्षकों ने बताया कि विभाग में नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन, गहन अध्ययन और शोध उन्मुख वातावरण विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रेरित करता है.

# बाल पुस्तिका का किया विमोचन



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 11 फरवरी. सांदीपनि विद्यालय लोकार्पण समारोह के दौरान विद्यालय के प्राथमिक विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा रचित बच्चों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर आधारित अंक 09 बाल पुस्तिका जंगल की सैर का खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विमोचन किया.**

श्री राजपूत ने कहा कि नन्हे रचनाकारों की कल्पना, अनुभव और सीख से सजी यह पत्रिका बच्चों की आत्मविश्वास का सुंदर दस्तावेज की है. संपादन एवं संयोजन रामेश्वर प्रसाद लोधी के द्वारा किया गया है. इस दौरान रामकुमार पप्पू तिवारी, विनोद कपूर, राहुल तिवारी, प्राचार्य सुरेश पटेल, राजकुमार कपूर, विनोद ताम्रकार, नवीन राय, सनातन तिवारी, नीरज मिश्रा, निर्मला आठिया, रामेश्वर प्रसाद लोधी मौजूद थे.

# एनएसयूआई का मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

**सागर 11 फरवरी. जागो सागर जागो अभियान के अंतर्गत एनएसयूआई द्वारा मशाल जुलूस का आयोजन हुआ.**



जानकारी के अनुसार यह मशाल जुलूस बढ़ती बेरोजगारी, सागर में लगातार बढ़ते अपराध, अफसरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा डॉ. हरिसिंह गौर जी को भारत रत्न न दिए जाने जैसे ज्वलंत मुद्दों के विरोध में निकाला गया. मशाल जुलूस तीन बत्ती चौराहे से प्रारंभ होकर राधा तिराह तक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ. एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षत कोठारी ने कहा कि सागर का युवा बेरोजगारी और असुरक्षा से जूझ रहा है, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं. यदि शीघ्र ही इन समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो हस्थ्र आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देगी.श्री कोठारी ने कहा कि जनता की आवाज़ को अनसुना करने की स्थिति में सागर में लगातार लोकतांत्रिक और जनआंदोलनों की श्रृंखला चलाई जाएगी. इस दौरान राजकुमार पचौरी, सिंटू कटारे, राहुल खरे, चैतन्य कृष्ण पांडे, अंबर खत्री, शहबाज कुरैशी अंशुल शर्मा,कपिल तिवारी, प्रसून पटेल, देव पाठक मौजूद थे.

### विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के सामान्य एवं व्यावहारिक भूगोल विभाग के द्वारा जलवायु परिवर्तन, अर्थव्यवस्था, एवं स्वास्थ्य: विकसित भारत 2047 के सतत विकास के हेतु लचीलापन एवं अनूकूलन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 12 फरवरी से विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में किया जा रहा है. इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के 10 राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं राष्ट्रीय शोध संस्थानों से वैज्ञानिक, प्रोफेसर, शोधार्थी एवं विद्यार्थी अपना शोध कार्य प्रस्तुत करेंगे. वर्तमान में हो रहा जलवायु परिवर्तन मानव जीवन, आजीविका, एवं स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है, संगोष्ठी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के इन्हीं प्रभावों को समझने एवं समग्र रूप में समाधान पर विचार किया जायेगा.

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार बांटे

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 11 फरवरी. रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ.**

जिसमें वर्ष 2025/26 की साहित्य संस्कृति एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मूवमेंट प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर किया गया. विद्यालय के प्रमुख छात्र हर्षवर्धन सिंह एवं छात्र सिद्धि से ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया. अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने कहा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए तीन मंत्र बताए.प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का आभार ज्ञापित किया.

पर्यटन साधन कार्यक्रम को गति देते हुए प्रतियोगिताओं के परिणाम में खो खो क्रिकेट वालीबाल बास्केटबाल बैडमिंटन दो वृंदावन लाल वर्मा सदन चैंपियन इंडोर गेम्स में मार्च पास्ट परेड एवं मैथिलीशरण गुप्त सदन चैंपियन रहा. समग्र प्रदर्शन के आधार पर डॉ. वृंदावन लाल वर्मा सदन विजेता रहा एवं मैथिलीशरण गुप्त सदन उप विजेता रहा. संचालन प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया.



### स्कूल के बच्चों ने किया उद्यान भ्रमण

**ललितपुर.** बचपन प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद उद्यान का शैक्षिक भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, फूलों, तितलियों और पक्षियों को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की. शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधों के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण और हरियाली के लाभों के बारे में समझाया.इस दौरान उद्यान अधिकारी रंजीत यादव, प्रबंधक स्वप्निल बरया, अंकिता पुरोहित, स्वेच्छा जैन, सोनाली खरे, निहारिका लखेरा, अंशिका जैन, ऋषिका चौधरी, कनिष्का तिवारी, नैंसी सोनी मौजूद थीं.

# जंगली जानवर का शिकार, चार आरोपी पकड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 11 फरवरी. वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के गेम परिक्षेत्र सिंगपुर अंतर्गत राजस्व ग्राम हरदुआ में कृष्णा कुर्मी के खेत पर जंगली जानवर के मांस पका कर खा रहे थे.**



वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व, सागर वनमंडल अधिकारी ने बताया कि वन दल तत्काल मौके पर पहुंचा, जहां चार व्यक्ति पाए गए, चारों व्यक्ति जंगली सुअर का मांस खाते हुए पाए गए. पूछताछ करने पर जंगली सुअर का पका मांस खाने की बात स्वीकार की गई.चारों व्यक्तियों की पहचान सूरज वल्द छोटेलाल रैकवार, उम्र 35 वर्ष, सुरेश पिता रुपनारायण रैकवार, उम्र 23 वर्ष, सीताराम पिता धरमदास पटेल, उम्र 40 वर्ष एवं हरिसिंह पिता दयाली गोड़, उम्र 36 वर्ष के रूप में हुई. सभी निवासी साकिन हरदुआ के विरुद्ध वन अपराध के तहत अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया. उक्त चारों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां चारों आरोपियों के विरुद्ध जेल वारंट जारी कर उन्हें जेल अभिरक्षा में भेज दिया गया.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा जिला - सागर (म.प्र.)

क्रमांक 174 / PWD /2025-26 // निविदा सूचना // गढ़ाकोटा दिनांक 11.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्दीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन_निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत वेबसाइट website http://mpetender.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | निविदा लागत | EMD | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_481330_1 | INVITING RATES FOR BUILDINGS & BOUNDARY WALL PAINTING & WHITEWASH WORK FOR THE FINANCIAL YEAR 2026-27 | 9,00,000,-/ | 9,000-/ | 2,000-/ | 27 FEB 2026 | 12 Months |
| 2026_UAD_481321_1 | INVITING RATES FOR WALL PAINTING & WALL WRITING WORK FOR THE FINANCIAL YEAR 2026-27 | 9,00,000,-/ | 9,000-/ | 2,000-/ | 27 FEB 2026 | 12 Months |
| 2026_UAD_481471_1 | INVITING RATES FOR SANCKSOR SWALPAHAR SUPPLY FOR FINANCIAL YEAR 2026-27 | 9,90,000,-/ | 9,900-/ | 2,000-/ | 27 FEB 2026 | 12 Months |
| 2026_UAD_481316_1 | CONSTRUCTION OF 2 COMMUNITY HALL AT GARHAKOTA THROUGH MLA SCHEME | 42,44,000,-/ | 31,830-/ | 5,000-/ | 14 MAR 2026 | 06 Months |
| 2026_UAD_481307_1 | FIXING & INSTALLING STREET LIGHT IN MAIN ROAD AT GARHAKOTA THROUGH MLA SCHEME | 12,08,000,-/ | 9,060-/ | 2,000-/ | 14 MAR 2026 | 06 Months |
| 2026_UAD_481288_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD IN VARIOUS WARD AT GARHAKOTA THROUGH MLA SCHEME | 1,15,25,000-/ | 57,625-/ | 12,500-/ | 14 MAR 2026 | 06 Months |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन website http://mpetender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा। प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा